जय जय श्री परशुराम जी

पं. क्र. 7246

सर्व ब्राह्मण परिषद् मुंगेली

जिला - मुंगेली (छ.ग.)

क्र. ..01.........

दिनांक 26/04/2025

प्रतिष्ठा में,

मान. श्री अरूण साव जी,
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन रायपुर

विषयः– नगर पालिका स्कूल मुंगेली का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.पं. हीरालाल दुबे के नाम पर करने बाबत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत अनुरोध है कि नगर पालिका स्कूल सरदार पटेल वार्ड मुंगेली में स्थित है, उक्त स्कूल का नाम इसी वार्ड के निवासी रहे स्वतंत्रता सेनानी स्व. पं. हीरालाल दुबे जी के नाम पर करने की कृपा करें।

पूर्व में डॉ.रमन सिंह जी की सरकार के समय इस आशय का प्रस्ताव भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी भेजा गया था जो सरकार बदलने पर पेंडिंग रह गया है।

अतः निवेदन है कि नगर पालिका स्कूल मुंगेली का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. हीरालाल दुबे नगर पालका स्कुल मुंगेली करने की स्वीकृति प्रदान करते हुए घोषणा करने की कृपा करें।

विनीत,

अवधेश शुक्ला
अध्यक्ष
एवं समस्त सदस्य
सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली

दुष्यंत दुबे
अध्यक्ष
जल उपभोक्ता संस्था, करनकापा
क्रमांक- 18449

पुराना बस स्टेण्ड, मुंगेली
जिला-बिलासपुर (म. प्र.)
फोन : (07755)256080

क्रमांक   दिनांक 29.1.9.03

प्रति

श्रीमान अध्यक्ष महोदय
नगरपालिका परिषद, मुंगेली.

विषय— नगरपालिका उ0मा0शाला मुंगेली के नामकरण करने बाबत

महोदय

निवेदन है कि छत्तीसगढ़ के हर नगर पंचायत, नगरपालिका, नगर निगमो में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति तथा सम्मान में शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थानों का नामकरण किया जा रहा है। इसी क्रम मे सरदार पटेल वार्ड मुंगेली मे स्थित नगरपालिका उ0मा0शाला का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0श्री हीरालाल दुबे आत्मज स्व0 सदानन्द दुबे के नाम करने हेतु आपसे विनम्र अनुरोध करते है। स्व0 श्री हीरालाल दुबे 1932 के नमक आन्दोलन में गिरफ्तार किये गये [illegible] जेल भेजा गया जहां [illegible] रहते हुए कटिंग टेलरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किये जिसका लाभ उन्होने नगरपालिका उ0मा0शाला को 15 वर्ष तक क्राफ्ट टीचर के रूप में अपना योगदान निःस्वार्थ विद्यार्थियों को दिये। उनका निवास भी सरदार पटेल वार्ड रहा है और वर्तमान मे भी उनका परिवार इसी वार्ड मे निवास कर रहा है।

अतः उनके परिवार, उनकी स्मृति एंव सम्मान के लिये आपके परिषद से अपेक्षा करता है। महानुभाव से निवेदन है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार की अपेक्षा के पक्ष में अवश्य ही निर्णय लेंगे।

इसी आशा के साथ सादर धन्यवाद।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

दुष्यन्त कुमार दुबे
एंव परिवार
सरदार पटेल वार्ड
मुंगेली जि0बिलासपुर

927 21-9-03

नगर पालिका परिषद मुंगेली (छ.ग.)

प्रति

श्रीमान अध्यक्ष महोदय
नगरपालिका परिषद, मुंगेली

विषय:— नगरपालिका हाईस्कूल मुंगेली का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 हीरालाल दुबे के नाम पर किये जाने बाबत

महोदय,

शासन के मंशानुरूप स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देने के लिए शिक्षा केन्द्रो का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानिया के नाम पर किया जाना है।

अतः नगरपालिका हाईस्कूल मुंगेली का नामकरण इसी वार्ड के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 हीरालाल दुबे के नाम किया जाता है तो यह स्वागतेय योग्य कदम होगा।

दिनांक

विनीत

[illegible] दुबे

[illegible] परसादीलाल दुबे

[illegible]

नगरपालिका परिषद, मुंगेली की विशेष अधिवेशन दिनांक 1.1.04 को हुई स्वीकृति प्रस्ताव क्रमांक 4 का सही उद्धरण:-

विषय:-	निर्णय
4. श्री दुष्यंत दुबे सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली का आवेदन पत्र दि. 26.9.03 बाबत् न.पा.उ.मा. शाला मुंगेली के नामकरण करने बाबत् विचार।	4. न.पा.उ.मा. शाला मुंगेली का नामकरण स्व. हीरालाल दुबे न.पा.उ.मा. शाला करने की अनुशंसा की जाती है। शासन को प्रस्ताव भेजा जावे।

सत्यप्रतिलिपि

Scanned with OKEN Scanner

र्यालय नगर पालिका परिषद, मुंगेली

जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

// ज्ञापन //

☎ : 07755-264030 (आ.)
274239 (फैक्स पी.पी.)
264134 (सी.एम.ओ.नि.)

क्रमांक /न.पा./मु.लि./2006 मुंगेली, दिनांक 22.5.06

प्रति,

आयुक्त सहसंचालक,
नगरीय प्रशासन एवं विकास
छत्तीसगढ़ शासन
रायपुर

विषय:- न.पा.उ.मा.शाला मुंगेली का नामकरण स्व.हीरालाल दुबे न.पा.उ.मा.शाला करने बाबत।

महोदय,

विषयान्तर्गत सादर अनुरोध है कि नगरपालिका परिषद मुंगेली के अपने विशेष अधिवेशन दिनांक 27.9.2003 को अपने प्रस्ताव क्रमांक 04 में नगरपालिका उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली का नामकरण स्व.हीरालाल दुबे न.पा.उ.मा.शाला करने की अनुशंसा की है।

अतएव आपसे अनुरोध है कि परिषद के संकल्प क्रमांक 04 दिनांक 27.9.20[illegible] के अनुसार न.पा.उ.मा.शाला का नाम स्व.हीरालाल दुबे उच्चतर माध्यमिक शाला करने की स्वीकृति देने का कष्ट करें।

संलग्न:- प्रस्ताव की प्रति।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मुंगेली

पृ.क्र. 145 /न.पा./मु.लि./2006 मुंगेली, दिनांक 22.5.2006

प्रतिलिपि:-

(1) कलेक्टर महोदय, बिलासपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
(2) उपसंचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
(3) श्री दुष्यंतकुमार दुबे, सरदारपटेलवार्ड मुंगेली को सूचनार्थ।

संलग्न:- प्रस्ताव की प्रति।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मुंगेली

Scanned with OKEN Scanner